ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in


उदयपुर, गुरूवार 05 सितम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 183

भाई साहब... खुली आंखों से देख लो आयड के विकास का मंजर









यहां लगा देते आयड़ की टाइलें तो रास्ता सुधर जाता

रुद्र आशापुरा विहार, बेडवास में 80-90 पक्के मकान बने हुए है। सड़क की हालत बहुत ख़राब है। कॉलोनी वालों द्वारा जन सुनवाईं से लेकर प्रशाशन तक कही बार अवगत करा चुके है लैकिन कोई सुनवाईं नहीं हो रही है । पहले कॉलोनी में रोड काफ़ी ठीक थी लेकिन प्रधानमन्त्री जल जीवन मिशन योजना के तहत दो वर्ष पूर्व पानी की पाइप लाइन डाली गई थी उसके बाद रोड की हालत बहुत ख़राब हो गई । यह कॉलोनी प्रशासन सहरो के संग अभियान में कन्वर्ट होनी थी लेकिन सारा कार्य नाम मात्र कागज़ो में ही सिमट गया । अखबार वितरक तारा चंद सालवी ने कहा कि आयड नदी में इतना फालतू खर्चा किया, वो टाइलें यहां लगा देते तो रास्ता सुधर जाता।

जगह जगह से टूट गई है टाइलें, कई तो उखड़ कर बह गई

कल कलेक्टर साहब ने कह दिया था-सब कुछ ठीक है

ये जो कुछ उखड़ा है वो जनता के पैसों से बना था

कौन देगा जवाब, कौन करेगा जांच, किसको ठहराएंगे दोषी

लोग कहते रह गए मगर नेता और अधिकारी नहीं माने

वेनिस बनाने के चक्कर में कर दिया आयड़ नदी का सत्यानाश

संपादकीय : रक्षा में हिंसा

इन दिनों फिर गोरक्षकों के उन्माद और गोरक्षा के नाम पर होने वाली भीड हिंसा को लेकर तीखे सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में गोतस्कर होने के शक में एक उन्नीस वर्षीय युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पूछा जा रहा है कि गोरक्षा के नाम पर किसी को जान से मार देने का हक आखिर इन रक्षकों को किसने दिया है उन्हें शह और संरक्षण कहां से मिलता है। फरीदाबाद की घटना करीब दस दिन पुरानी है। इस संबंध में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गलतफहमी की वजह से गोली चला दी। उन्हें सूचना मिली थी कि igiss गोतस्कर गाय ले जाने की योजना बना रहे हैं। उसी के आधार पर उन्होंने नजर रखनी शुरू की। जब उन्हें एक गाड़ी पर शक हुआ और उसे रोकने का प्रयास किया, तो वह और तेज दौड़ने लगी । इसलिए उन्होंने गोली चला दी और उसमें एक युवक मारा गया। इस घटना के बाद चरखी दादरी में एक कचरा बीनने वाले व्यक्ति को इस शक के आधार पर जान से मार डाला गया कि वह गोमांस खा रहा था। कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र में एक बुजुर्ग को कुछ युवकों ने गोमांस रखने के शक में बुरी तरह पीटा। गोतस्करी और गोमांस की बिक्री रोकने के लिए हिंसा की घटनाएं हरियाणा सहित कई राज्यों में बढ़ी हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें गोतस्करी का आरोप लगा कर भीड़ या फिर गोरक्षा दल के सदस्यों ने कई लोगों को पीट-पीट कर मार डाला। कुछ घटनाएं, तो बहुत वीभत्स थीं, जिनमें हिंसा करने वालों ने तस्वीरें बना कर सार्वजनिक की। उनसे यही जाहिर हुआ कि गोरक्षा उनके लिए आस्था का नहीं, बल्कि उन्माद प्रदर्शन का मामला है। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि भाजपा शासित राज्यों में गोतस्करी, गोमांस की बिक्री आदि पर रोक है। इसके लिए कड़े कानून हैं। कुछ लोगों का कहना है कि गोरक्षकों को उन कानूनों से प्रोत्साहन मिलता है। गाय के प्रति उनमें आस्था है, इसलिए वे इस तरह गोतस्करी, गोमांस की बिक्री और उपभोग को बर्दाश्त नहीं कर पाते। गाय के प्रति किसी की आस्था और उसकी रक्षा पर शायद ही किसी को एतराज हो, मगर सवाल है कि इस आधार पर किसी को किसी की हत्या कर देने का अधिकार कैसे मिल सकता है। बहुत सारे लोगों की नाराजगी इस बात से है कि गोरक्षकों के उत्पात पर संबंधित राज्यों की पुलिस का रवैया न्यायपूर्ण नजर नहीं आता। सवाल है कि जिन राज्यों में गोरक्षा संबंधी कानून लागू हैं, वहां इसकी जिम्मेदारी पुलिस के बजाय गोरक्षा दल के लोगों को क्यों निभानी पड़ रही है। करीब पांच वर्ष पूर्व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इस बात पर हरियाणा पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी कि गोतस्करी के मामलों में दोष सिद्धि की दर इतनी कम क्यों है। जिन मामलों में गोतस्करी के नाम पर लोगों की हत्या कर दी गई, उनमें आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई उल्लेखनीय कार्रवाई की हो, ऐसा एक भी उदाहरण नजर नहीं आता। आखिर पुलिस किसी को कानून अपने हाथ में लेने की छूट कैसे दे सकती है। जाहिर है, पुलिस की इस शिथिलता और गोरक्षा के नाम पर हिंसा करने वालों के प्रति उसकी नरमी का ही नतीजा है कि ऐसे मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे।

इंसाफ की खातिर

पश्चिम बंगाल सरकार ने बलात्कार के मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन कर नया विधेयक पारित कर दिया है। इसमें मामलों की जल्द जांच और त्वरित न्याय दिलाने के साथ- साथ दोषियों को मृत्युदंड की सजा का प्रावधान भी किया गया है। कोलकाता के आरजी कर कालेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के बाद प्रदेश सरकार ने यह कदम उठाया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी सरकार ने महिला सुरक्षा से संबंधित मौजूदा कानून में संशोधन किया है। इससे पहले भी केंद्रीय और राज्य स्तर पर संशोधन के जरिए कानूनों को कड़ा करने के प्रयास किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या इन कोशिशों के बावजूद बलात्कार जैसे घृणित कृत्यों में कमी आई है? पश्चिम बंगाल के नए विधेयक में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों को संज्ञेय और गैर- जमानती बनाया गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बलात्कार से संबंधित केंद्रीय कानून में कुछ कमियां रह गई हैं, इसलिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया गया। पर क्या कड़े कानून बना देने भर से महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लग पाएगा ? दिसंबर 2012 में निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी केंद्रीय कानून में सख्त प्रावधान किए गए थे। यहां तक कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले किशोरों की उम्र सीमा को लेकर भी किशोर न्याय अधिनियम में संशोधन किया गया था। नवंबर 2019 में हैदराबाद में एक युवती के बलात्कार और हत्या के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने भी ऐसे मामलों में सख्त सजा का प्रावधान करने के लिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया था इन सारी कोशिशों के बावजूद राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 से पहले हर वर्ष बलात्कार के औसतन पच्चीस हजार मामलों की तुलना में 2013 में यह आंकड़ा तैंतीस हजार और 2016 में उनतालीस हजार के करीब पहुंच गया। इससे साफ है कि सिर्फ सख्त कानून बना देने से किसी अपराध पर लगाम नहीं लगाई जा सकती। जरूरत है तो इन कानूनों को सख्ती से लागू करने और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय करने की।

कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी को जमानत:हाईकोर्ट ने कहा

NIA लोकेशन साबित नहीं कर पाई; अंग्रेजी में स्टेटमेंट लिखने पर जताई नाराजगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. कन्हैयालाल हत्याकांड में शामिल आरोपी मोहम्मद जावेद को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस पंकज भंडारी की खंडपीठ ने जमानत की अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा- NIA ने केवल कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। NIA आरोपी की लोकेशन साबित नहीं कर पाई है। इसके अलावा आरोपी से किसी तरह की रिकवरी भी नहीं हुई है। लंबे समय से वह जेल में है और ट्रायल लंबा चलेगा, ऐसे में उसे जमानत दी जाती है। 11 आरोपियों में से जावेद पर मोहम्मद रियाज अत्तारी के साथ मिलकर योजना बनाने का आरोप है। एनआईए कोर्ट से 31 अगस्त 2023 को जमानत खारिज होने के बाद आरोपी ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। आरोपी के वकील ने कहा- जावेद कभी कन्हैया की दुकान पर गया ही नहीं हाईकोर्ट में जमानत पर बहस करते हुए जावेद के वकील सैयद सआदत अली ने कहा- एनआईए कह रही है कि जावेद ने इंडियाना टी-स्टॉल पर बैठकर कन्हैयालाल की हत्या की योजना बनाई थी, लेकिन टी-स्टॉल के मालिक धर्मेंद्र साहू ने जावेद के उस दिन वहां आने की बात कन्फर्म ही नहीं की। एनआईए का यह भी कहना है कि जावेद ने कन्हैयालाल की रेकी करके रियाज को बताया था, लेकिन दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से यह बात साबित होती है कि जावेद कन्हैयालाल की दुकान पर गया ही नहीं। सैयद सआदत अली ने कहा- NIA के अनुसार रियाज (मुख्य आरोपी) के पास जावेद का कॉल आया था, जबकि जावेद ने कभी रियाज को कॉल किया ही नहीं। उसके मोबाइल में रियाज का नंबर भी सेव नहीं था। वह चूड़े की दुकान पर सेल्समैन का काम करता था। दिनभर उसे ग्राहकों के फोन आते थे।

NIA की दलील- दोनों टी-स्टॉल पर मिले थे

एनआईए की ओर से वकील टीपी शर्मा ने अदालत में बहस करते हुए कहा कि कन्हैयालाल हत्याकांड में शामिल सभी आरोपी एक-दूसरे को जानते हैं। इन सभी ने मिलकर कन्हैयालाल हत्याकांड की साजिश की थी। आरोपियों की कॉल डिटेल से साबित होता है कि सभी एक-दूसरे से फोन के जरिए संपर्क पर थे। उन्होंने कहा- हमारे गवाह जीशान ने भी कन्फर्म किया है कि घटना से पहले रियाज और जावेद टी-स्टॉल पर मिले थे। इसके साथ ही आरोपी ने भी अपने स्टेटमेंट में इस बात को स्वीकार किया है। इस पर कोर्ट ने एनआईए द्वारा लिए गए स्टेटमेंट को लेकर भी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- एनआईए ने सारे स्टेटमेंट अंग्रेजी में लिखे हैं। आरोपी ने जिस भाषा में स्टेटमेंट दिए, उस भाषा में उसे क्यों नहीं लिखा गया।

एक आरोपी को पहले मिल चुकी है जमानत

मोहम्मद जावेद से पहले इस मामले में एक अन्य आरोपी फरहाद मोहम्मद उर्फ बबला को एनआईए कोर्ट ने 1 सितंबर 2023 को जमानत दी थी। फरहाद पर एनआईए ने आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया था। जमानत देते समय कोर्ट ने कहा था कि आरोपी पर केवल आर्म्स एक्ट का आरोप है। उसके पास से तलवार बरामद हुई है या नहीं, तलवार भोंटी थी या धारदार। इसका फैसला जमानत के स्तर पर नहीं किया जा सकता है। आरोपी जुलाई 2022 से जेल में है, ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाता है।

दुकान में गला काटकर की थी कन्हैयालाल की हत्या

बता दें कि 28 जून 2022 को कन्हैयालाल की मोहम्मद रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद ने निर्मम तरीके से गला काटकर हत्या कर दी थी। कन्हैयालाल की हत्या के मामले में एनआईए ने पाकिस्तान के कराची निवासी सलमान और अबू इब्राहिम को फरार बताते हुए मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद और मोहम्मद रियाज अत्तारी सहित 11 आरोपियों मोहसिन, आसिफ, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अली, फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला, मोहम्मद जावेद, मुस्लिम मोहम्मद के खिलाफ चालान पेश किया था। एनआईए की विशेष अदालत ने 9 फरवरी 2023 को हत्या,आतंकी गतिविधियों, आपराधिक षड्यंत्र सहित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) और आर्म्स एक्ट में प्रसंज्ञान लिया था।

इको कार ने 9 श्रद्धालुओं को कुचला:श्री सांवलिया जी में दर्शन के लिए आए थे; लोगों ने ड्राइवर को धुना



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ के श्री सांवलिया जी में दर्शन करने आए 9 श्रद्धालुओं को एक इको कार ने कुचल दिया। जिससे सभी घायल हो गए। इनमें से 4 घायलों को मंडफिया हॉस्पिटल में प्राथमिक इलाज करवाने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। जबकि 5 को चित्तौड़गढ़ रेफर किया गया। वहीं, आरोपी कार ड्राइवर को आसपास के लोगों ने पीट डाला, जिसे पुलिस ने छुड़ा कर डिटेन कर लिया। ये सभी श्रद्धालु पार्किंग एरिया में ही सो रहे थे। सभी मध्यप्रदेश के इंदौर से आए थे। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी। इसकी एक रिपोर्ट मंडफिया थाना पुलिस को दी गई।

पार्किंग एरिया में सो रहे थे सभी

चित्तौड़गढ़ के सांवलिया जी में इंदौर, मध्यप्रदेश निवासी दिनेश (26) पुत्र सुभाष राठौर अपनी पिकअप गाड़ी में गांव के 9 अन्य लोगों को लेकर श्री सांवलिया जी पहुंचे। बुधवार देर रात को पहुंचने के कारण सभी पार्किंग एरिया में ही सो गए। अचानक रात के 3 बजे एक इको कार तेज रफ्तार से आई और सभी श्रद्धालुओं पर चढ़ गई। इससे पहले इको कार ने एक अन्य कार को टक्कर मार दी। 9 जनों को कुचलने के बाद उन्होंने पिकअप को भी टक्कर मार दी।

न्यायाधीश पहुंचे मोही वृद्धाश्रम:व्यवस्थाओं का लिया जायजा; अधिकारों की दी जानकारी

24 न्यूज अपडेट

राजसमंद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने मोही में संचालित वृद्धाश्रम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) राघवेंद्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल द्वारा अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटिजन के तहत वृद्धाश्रम मोही का निरीक्षण किया गया। अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन के तहत नालसा योजना 2016 (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक व विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान 08 वृद्धजन उपस्थित मिले। इन सभी ने भोजन तथा अन्य सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। गृह में वृद्धजन पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग कमरों की व्यवस्था मिली।

68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता योगा खेल की आयोजन तिथि में संशोधन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 सितंबर। 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता पंचांग 2024-25 में योगा खेल आयोजन की तिथियों में संशोधन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि संशोधित आदेश के अनुसार 17 से 19 आयु वर्ग से छात्रा-छात्राओं के लिए योगा खेल का आयोजन 8 से 12 सितंबर तक होगा। पूर्व में घोषित आयोजन तिथि 16 से 20 सितंबर थी।

एकलव्य, गुरु के प्रति समर्पण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है- जोलावास



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 5 सितंबर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद चित्तौड़ प्रांत की ओर से भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती गुरु पर्व के रूप में मनाई गई। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् डॉ. शिवदान सिंह जोलावास ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। सदियों से समाज किसी व्यक्ति या एक स्वरूप को गुरु के रूप में स्वीकृत कर अनुगमन करता रहा और एकलव्य उसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शिक्षक पर अधिक जिम्मेदारी आ जाती है कि युवा अधिक संस्कारवान एवं चरित्रवान बनें। आज भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए ऐसे युवाओं की आवश्यकता है, जो अधिक समर्थवान एवं मातृभूमि के प्रति संस्कारों की जड़ों से बंधे रहे।

वक्ता डॉ. खुशबू जोशी ने कहा कि हमें समाज से ह्रास होते जीवन मूल्यों को बचाना है। प्रो.आशीष जैन ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि गुरु सदैव संकट मोचन के रूप में उपस्थित रहे उससे समाज की अपेक्षाएं बहुत है। आज भी गुरु का पद आदरणीय है। कार्यक्रम में हीना सालवी, जम्मू जैन, डॉ. नवल किशोर शर्मा, दिव्याश्री आदि ने भी विचार रखें। इस अवसर पर अध्यापक एवं शिक्षाविद् प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आवर्त सारणी के बारे में दी जानकारी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 सितंबर। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में मीरा कन्या महाविद्यालय में रसायन शास्त्र परिषद् के तत्वावधान में "आवर्त सारणी" का सहज स्मरण विषय पर जीवविज्ञान के व्याख्याता रहे डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा व्याख्यान दिया गया। डॉ. शर्मा ने विभिन्न आसान तरीकों द्वारा छात्राओं को जटिल आवर्त सारणी को आसान बना उन्हें याद कराया। उन्होंने मेवाड़ी भाषा के उपयोग से, कविता के माध्यम से तथा गीतों की लय द्वारा आवर्त सारणी को खेल- खेल में स्मरण कराया। प्राचार्य प्रो.दीपक माहेश्वरी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। संचालन परिषद् प्रभारी डॉ. शिप्रा भारद्वाज व डॉ. कुमुद इण्टोदिया ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. ममता आहूजा ने आभार जताया। कार्यक्रम में विभाग संकाय सदस्य डॉ. सोफिया हुसैन, डॉ. मनोज छगांनी एवं डॉ. बिन्दु कटारिया भी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत किया



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के चित्तौड़गढ़ आगमन पर भाजपा बस्सी मंडल द्वारा स्वागत किया गया। ज़िला मंत्री सी पी नामधराणी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के कनेरा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में पधारने पर बस्सी टोल पर मेवाड़ी पाग एवं उपरना ओढाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया । सांसद सी पी जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीचंद कृपलानी, भाजपा जिला अध्यक्ष मिठूलाल जाट, जिला प्रमुख भुपेंद्र सिंह बडोली, जिला महामंत्री रघु शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष कार्यक्रम प्रवास प्रभारी श्रवण सिंह राव, बस्सी मण्डल अध्यक्ष गोपाल चोबे,रणजीत सिंह भाटी, संभाग सह मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, हर्षवर्धन सिंह रूद, किसान मोर्चा संभाग सह संयोजक तारावती धाकड़, जिला मंत्री सी पी नामधराणी, संजु लढ्ढा, जीवन चौधरी, जगदीश भांड, गब्बर सिंह अहीर,जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक, सिंपल वैष्णव, प्रधान देवेन्द्र कंवर, मंडल अध्यक्ष सागर सोनी,अशोक जाट,रामगोपाल ओझा, मंडल महामंत्री सोहन खटीक, किशोर सिंह, कालु व्यास सत्य नारायण आचार्य राधेश्याम रायवाल, घनश्याम तेली,उदय लाल गुर्जर ,जगदीश सिसोदिया, छोटू लाल धाकड,बगदी राम धाकड,सौरभ कोठारी ,सावंत सिंह खेमराज गुर्जर ,बाबू लाल गुर्जर , रमेश धाकड,टोनू सिंह, नाथुसिंह आदि उपस्थित थे।

शिक्षक न केवल विद्यार्थी अपितु राष्ट्र के भी मार्गदर्शक – सोनी



24 न्यूज अपडेट

शिक्षक दिवस पर नगर की समाजसेवी संस्था लायंस क्लब निंबाहेड़ा गोल्ड प्रांत 3233 ई 2 द्वारा गुरूवार को आदर्श कॉलोनी स्थित मोहित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लायंस क्लब गोल्ड के संस्थापक सदस्य लायन सत्यप्रकाश जैथलिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला। समारोह में वरिष्ठ अध्यापक सुरेन्द्रकुमार जैन, प्रधानाचार्य प्रकाशचन्द्र चेलावत, बालमुकुन्द राठी, व्याख्याता अनिल चेलावत, सुरेश कुमावत, घनश्याम जोशी, रियाज खान, सीबीईओ एवं प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, शारीरिक शिक्षक सीमा अग्रवाल, वरिष्ठ अध्यापिका ज्योति डाड, व्याख्याता नीलम प्रजापति को क्लब ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्लब के नवीन अध्यक्ष लायन गोविंद सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक न केवल विद्यार्थी अपितु राष्ट्र के भी मार्गदर्शक होते हैं। संचालन लायन डॉ. आर आर विश्नोई ने किया। इस अवसर पर सचिव लायन सी ए नितेश शर्मा, लायन श्यामसुंदर अग्रवाल, लायन गोपाल पंचोली, लायन विकास मुंदड़ा, लायन अभिषेक सोनी, लायन इंद्रकुमार जीवनानी, लायन जगदीश राजोरा, लायन दिलीप सोनी, लायन मोहसीन अहमद, लायन धर्मेंद्र मारू, लायन रमेश तोतला, लायन शिवनारायण धुप्पड़, लायन प्रहलाद दशोरा, लायन मनोहर वासवानी, लायन सत्यप्रकाश जैथलिया, लायन कैलाश लढ़ा, राजकुमार जैथलिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

36 महीने सऊदी अरब में फंसा राजस्थानी:खादिम वीजा में एजेंट ने उलझाया, 3 महीने जेल काटी; अब भीख मांग कर गुजारा कर रहा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. भारत में ट्रक चलाता था, कई लोगों से मुलाकात होती थी तो सुनता था कि विदेशों में इसी काम का अच्छा रुपया मिल जाता है। परिवार के बारे में सोचता तो रुक जाता। लेकिन, हालातों को देखता तो मन करता कि विदेश चला जाऊं और इन हालातों को ठीक कर दूं। लेकिन, कभी सोचा नहीं था कि अपनी धरती से दूर जाकर इन हालातों में फंस जाऊंगा। 36 महीने हो चुके हैं कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा। 3 महीने जेल में रहा, भीख मांगी, रुपया नहीं था। मदद करने लोग आते लेकिन खादिम वीजा की बात सुनते ही हाथ खड़े कर देते हैं। विदेशों में नियम अलग हैं। आज देश में होता तो लाख मददगार आगे आ जाते अब अपील करता हूं कि राज्य और केंद्र सरकार मुझे इस हालत से निकाले और मुझे अपने वतन वापस ले आए।

कहानी सऊदी अरब में 36 महीनों से फंसे उदयपुर जिले के भींडर ब्लॉक के बांसड़ा गांव के सुरेश जटिया की है। वहीं भारत सरकार की ओर से अब सुरेश को वापस लाने की तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। वह जल्द ही अपने वतन लौटेगा।

खादिम वीजा पर गए थे सऊदी अरब

कोरोना के ठीक बाद 14 सितंबर 2021 को सुरेश सऊदी अरब के लिए निकला था। ब्यावर के ही एक एजेंट सिकंदर बुखारी के जरिए वह सऊदी अरब गया था। वह जिस वीजा पर गया था वह खादिम वीजा था। इस वीजा में एक नियम भी लिखा होता है, इसके तहत कोई अगर खादिम वीजा से सऊदी अरब आया है तो उसे उसी मालिक के पास नौकरी करनी पड़ेगी। वह इस नौकरी को छोड़ नहीं सकता। इसी के तहत अब सुरेश वहां फंसा है। ब्यावर का एक एजेंट सिंकदर बुखारी के जरिए उसको सऊदी अरब भेजा। पहले मालिक ने सुरेश पर किया केस

सुरेश ने बताया- वह कुछ दिनों तक तो वहां काम करता रहा। उसे लगा कि यहां तो जितना बताया है उसके अनुसार, सैलरी नहीं मिल रही है। तो वह काम छोड़ कर दूसरे के पास नौकरी करने चला गया। ऐसे में, जब पहले मालिक को मालूम चला तो उसने वीजा भी रख लिया और सुरेश पर केस कर दिया। उससे सऊदी की करेंसी में 20 हजार रियाल की मांग की। यह इंडियन करेंसी में लगभग साढ़े 4 लाख रुपया होता है। सुरेश ने बताया उसके पास इतने रुपए नहीं थे। ऐसे में उसे 3 महीने जेल में रहना पड़ा। इस दौरान उसके परिजनों से उसका संपर्क टूट गया।

सुरेश के चचेरे भाई रतन बताते हैं- भाई सुरेश ने वहां काम शुरू कर दिया गया लेकिन जो सैलरी तय की वह उसे नहीं दी जा रही थी। सऊदी अरब में उसके लाइसेंस बनाने की बात हुई थी वह भी नहीं बनाया गया। सुरेश वहां गाड़ी चलाता था। रतन कहते हैं- सुरेश के साथ ऐसा होता था कि अगर ट्रक या गाड़ी पंचर भी हो जाए तो पंचर का रुपया भी उससे लिया जाता था।

फाइनेंस कोर्ट में किया केस, 3 माह की जेल हुई

रतन ने बताया कि सुरेश को लगा कि यहां तो नुकसान ही नुकसान है, लाइसेंस भी नहीं बन रहा है। ऐसे में सुरेश ने वहां से नौकरी छोड़ दी और किसी और के यहां काम करने लगा। इस बीच वह जिस कंपनी के जरिए भाई सुरेश वहां लगा था उन्होंने केस कर दिया कि मजदूर रखने और लाने का जो खर्चा हुआ है उसे लौटाना पड़ेगा। कंपनी ने करीब भारतीय मुद्रा में साढ़े 4 लाख का दावा किया था। ऐसे में उसके पासपोर्ट और वीजा जब्त कर लिए। कंपनी ने फाइनेंस कोर्ट में केस कर दिया कि यह खादिम लाइसेंस के तहत यहां लाया गया है और यह हमारे अलावा कहीं और काम नहीं कर सकता है। ऐसे में कोर्ट में 3 महीने के लिए भाई सुरेश को जेल भेज दिया। भाई सुरेश को नवंबर 2022 में जेल हुई थी।

3 माह तक भाई से संपर्क टूटा

रतन ने बताया- इसके बाद 3 महीने तक हमारा उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ। 2023 की फरवरी को भाई का फोन आया तो जान में जान आई। हमने तो सोचा था कि भाई के साथ कुछ अनहोनी हो गई। लेकिन, हम सब खुश थे कि चलो भाई अब ठीक है। लेकिन, उन्होंने कहा- मैं यहां बुरी तरह फंस चुका हूं। 3 महीने की जेल काट चुका हूं। जेल में बाहर आने के बाद वह सड़क पर आ गया था। उसके पास कुछ नहीं था। बताते है कि सुरेश को जो राजस्थानी रास्ते में मिले अपने हिसाब से मदद की। बाद में उसका फोन सही करवाया तो यहां घर वालों से बात हुई। यहां वालों को आपबीती सुनाई।

पुलिस केस का मालूम चला तो लोगों ने छोड़ा साथ

रतन कहते हैं कि भाई को इस दौरान एक राजस्थानी मिला और उसने मदद का आश्वासन भी दिया। लेकिन, जैसे ही उसे मालूम चला कि वह खादिम वीजा पर है और पुलिस केस की कहानी पता चली तो उसने भी साथ छोड़ दिया। वह उसके साथ 900 किमी दूर चला गया था। लेकिन, वापस लौटना पड़ा। अब भाई वहां दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हैं। मानसिक रूप से परेशान हो चुका है।

कटारिया मदद को आगे आए

रतन कहते हैं कि हमने उसे यहां लाने के लिए प्रयास शुरू किए। इस बीच उदयपुर में भाजपा के संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल के जरिए बात तत्कालीन असम में वहां के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया तक पहुंचाई। कटारिया ने वहां से विदेश मंत्रालय के जरिए मदद मांगी। इस बीच वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने भी कटारिया को बताया और उन्होंने दिल्ली भी बात की।

केंद्र सरकार तक पहुंची तो वहां से प्रक्रिया शुरू हुई। उदयपुर में पासपोर्ट कार्यालय स्थापित करने में अहम रोल निभाने वाले डाक विभाग के एलडी शर्मा के पास कॉल आया और उन्होंने यहां से पूरी जानकारी एकत्रित कर विदेश मंत्रालय को अवगत कराया। विदेश मंत्रालय के के पूर्व अधिकारी विवेक जैफ से इस संबंध में वार्ता की गई और उन्होंने भी सकारात्मक रूप से पूरी मदद की।

विधायक ने भी की मदद

इस बारे में वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने पीड़ित के परिवार वालों को पूरी तरह आश्वस्त कर कहा कि वे पूरी मदद करेंगे। वे बोले कि आर्थिक मदद भी करेंगे और सुरेश को वहां से यहां लेकर भी आएंगे। 25 अगस्त को पीड़ित युवक सुरेश के परिजन वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के डबोक स्थित कार्यालय पर मिले। डांगी ने ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को दी और भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही सुरेश की वतन वापसी होगी। आर्थिक सहायता के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष देवीलाल सालवी और पासपोर्ट सेवा के पूर्व प्रभारी एल डी शर्मा भी उपस्थित रहे।

अब हर रोज वीसी नहीं कर सकेंगे अधिकारी:सीएस ने कलेक्टर्स संग होने वाली बैठकों का दिन और समय किया निर्धारित



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. प्रदेश में कलेक्टर समेत अन्य अधिकारियों की वीसी और मीटिंग का दिन और समय फिक्स कर दिया गया है। तय दिन और समय के अलावा मीटिंग नहीं होगी। इसके लिए सप्ताह में एक दिन दो घंटे के लिए समय को चुना गया है।

ये नियम जिले के कलेक्टर के साथ विभिन्न विभागों के एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव संग विभागीय अधिकारियों के लिए लागू होगा। सीएस सुधांश पंत ने ऐसा इसलिए किया है ताकि अलग-अलग दिन और अलग-अलग समय पर होने वाली बैठकों के कारण कलेक्टर्स का रूटिन का काम प्रभावित न हो। इसके साथ ही विभागों के इन सीनियर अधिकारियों (एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव) को विभागीय बैठक का भी दिन और समय निर्धारित करने के निर्देश दिए है।

हर मंगलवार को ही करेंगे मीटिंग

जिलों में कलेक्टर्स के काम प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए मुख्य सचिव ने अब सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों को वीसी करने के लिए मंगलवार का समय निर्धारित किया है। मंगलवार को सुबह 10 से 12 बजे के बीच अलग-अलग विभाग के एसीएस, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव वीसी में भाग लेंगे और अपने-अपने विभागों के कार्यों की समीक्षा और प्रगति रिपोर्ट कलेक्टर्स से लेंगे।

अलग-अलग डिपार्टमेंट की अलग-अलग मीटिंग से होता है काम प्रभावित

दरअसल, जिलें में अलग-अलग विभाग पंचायती राज, सामाजिक न्याय अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य की कई फ्लैगशिप स्कीम संचालित होती है। इन फ्लैगशिप स्कीम को कलेक्टर स्तर पर मॉनिटर किया जाता है। इसके अलावा जिलों के कई ऐसे काम जो कलेक्टर के अधीन होते हैं। इन कामों की रिपोर्ट के लिए विभाग हर सप्ताह या 10 दिन में रिव्यू करता है। अलग-अलग समय में अलग-अलग विभाग के अधिकारियों संग होने वाली वीसी में कलेक्टर का अधिकांश समय इन बैठकों में गुजरता है। इससे जिलों में रूटिन के काम प्रभावित होते है।

बड़ी का तालाब छलका, फतहसागर में भी छलक रहा पानी, कभी भी खुल सकते हैं गेट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर में आज सुबह से मौसम सामान्य था बादल जरूर छाए हुए थे। मौसम विभाग ने आज उदयपुर जिले में येलो अलर्ट जारी कर रखा है। पिछले दो दिन से वैसे तड़के से बारिश हो रही थी जो दोपहर 12 बजे तक का क्रम था लेकिन आज बारिश नहीं हुई। इधर जलाशयों में पानी की आवक अभी जारी है। इधर, शाम बाद शहर में बारिश हुई तो कुछ इलाकों में दोपहर में हल्की बारिश हुई। उदयपुर की पिछोला झील लबालब होने के बाद अब उदयपुर वासियों के लिए शहर फतहसागर (FS) झील के लबालब होने के बाद ओवरफ्लो को लेकर इंतजार है। बता दें फतहसागर झील में पानी की आवक बनी हुई है। 13 फीट क्षमता वाली इस झील में आज सुबह आठ बजे तक 12 फीट पानी हो चुका है। मदार छोटा और बड़ा तालाब का पानी मदार नहर के जरिए सीधे झील में आ रहा है। पिछले दिनों के मुकाबले इन तीन दिनों में पानी की मात्रा एकाएक बढ़ी है। इधर, जयसमंद झील में भी पानी की आवक बढ़ने लगी है। 27.5 फीट क्षमता वाली जयसमंद झील में आज सुबह आठ बजे तक 11 फीट से ज्यादा पानी की आवक हुई है। इधर शहर से सटे बड़ी ग्राम पंचायत में बड़ी तालाब लबालब हो गया है। करीब 32 फीट क्षमता वाले इस तालाब पर रात से रपट चलने लगी। तालाब का पानी ऊपली बड़ी, हवाला कलां होते हुए फतहसागर झील में पहुंच रहा है। वल्लभनगर तहसील के मेनार गांव और आसपास हुई अच्छी बारिश के बाद मेनार ब्रह्म सागर में मेनार माल क्षेत्र का पानी नेशनल हाइवे 48 के दोनो किनारे बने नालों से होकर पहुंच रहा है। यहां ढंड तालाब में भी पानी समाहित हो रहा है। मायरा की गुफा पर झरना तेज हुआ इधर, दयपुर से 35 किमी दूर गोगुंदा और भुताला के बीच पहाड़ों और झरने के मायरा की गुफा पर जो झरना 365 ही दिन चलता है वहां पर इस बारिश की वजह से झरना बहुत तेज चल रहा है और एक जगह गिरने वाला झरना आसपास कई जगह से गिर रहा है। यहां आने वाले टूरिस्ट के लिए इस समय इस झरने ने खूब आकर्षित किया है। बता दें कि कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने के बाद मायरा की गुफा में ऊपरी पहाड़ियों से पानी झरने के जरिए नीचे गिरकर एनीकट में जा रहा है।

बेडच नदी में पानी की आवक बढ़ी:पुलिया पर बहने लगा एक-एक फिट पानी, बड़लियास बरूंदनी मार्ग बाधित



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा जिले के ऊपरी क्षेत्रों में बारिश होने के बाद नदी नलों में पानी की अच्छी आवक हुई है। इसके साथ ही पड़ोसी जिले चित्तौड़ में गंभीरी बांध के गेट खोलने से बड़लियास कस्बे से गुजर रही बेडच नदी में पानी की भारी मात्रा में आवक हुई है। नदी में पानी की आवक होने के चलते पुल पर करीब एक एक फिट तक पानी बह रहा है । इसके चलते बड़लियास बरूंदनी मार्ग बाधित हुआ है। पुलिया के दोनों तरफ गाड़ियों का जाम लग गया है। नदी की पुलिया पर करीब एक-एक फिट पानी ऊपर बहने से लोगों को आने-जाने में परेशानी भी हो रही है। इधर, कुछ लोग जान की परवाह नहीं करते हुए पुलिया पर नदी के बहाव के बीच में से गुजर रहे हैं। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं होने के चलते कुछ युवक रील्स बनाने भी यहां पहुंचे हैं। इसके चलते लोग अपने जान की परवाह किए बिना नदी पार करने में भी लगे हैं।फिलहाल नदी में पानी की आवक और तेज बहाव के साथ पुलिया पर पानी बहने की ओर प्रशासन का ध्यान नहीं गया है और मौके पर कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं।

भादवा बीज के अवसर निकाली गई शोभायात्रा एवं अखाड़ा प्रदर्शन में पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने की शिरकत, दिखाए अपने करतब



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा में यहां भादवा बीज के अवसर पर गुरुवार को बाबा रामदेव व्यायाम शाला एवं सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य शोभा यात्रा व अखाड़ा प्रदर्शन का आयोजन किया गया।यह शोभायात्रा एवं अखाड़ा प्रदर्शन बाबा रामदेव व्यायामशाला से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए दोपहर 3 बजे डाक बंगला रोड पर स्थित दशोरा चौक पहुंचीं जहां राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना द्वारा भव्य शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर अखाड़ा प्रदर्शन में मुदल चलाकर अपने बेहतरीन करतबों का प्रदर्शन किया। प्रारम्भ में सहकारिता मंत्री आंजना ने रथ मे विराजित भगवान बाबा रामदेव जी की तस्वीर के दर्शन कर माल्यार्पण किया एवं नमन करते हुए उनका स्मरण किया और क्षेत्र में सुख–शांति व खुशहाली की कामना की। पूर्व मंत्री आंजना के शोभायात्रा में पहुंचने पर श्री बाबा रामदेव व्यायाम शाला एवं सेवा समिति के उस्तादों एवं पदाधिकारियों द्वारा पूर्व मंत्री आंजना एवं अतिथियों का साफा बांधकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने शोभा यात्रा में पहुंचकर उपस्थित समस्त श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

निगम की टीम ने 2 जर्जर इमारतों को गिराया:किशनपोल जोन में हुई कार्रवाई, 153 को नोटिस जारी किए



24 न्यूज अपडेट

मानसून के दौरान जयपुर में जर्जर हो चुकी इमारत के खिलाफ नगर निगम हेरिटेज द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को किशनपोल जोन में दो जर्जर इमारतों को गिराया गया।

किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीणा ने बताया कि जर्जर इमारतों के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से पहले ही समय रहते बचा जा सके। इस कड़ी में आज निगम द्वारा 2 निर्माण को ध्वस्त किया गया है। जिन्हें पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे। इनमें पहला निर्माण विद्याधर का रास्ता त्रिपोलिया बाजार में था। जबकि दूसरा निर्माण तेलीपाड़ा महात्मा गांधी स्कूल के पीछे था।

मीणा ने बताया कि इन दोनों निर्माण को हटाने के लिए एक्सपर्ट्स की मदद ली गई थी। क्योंकि दोनों ही जगह जेसीबी नहीं पहुंच सकती थी। ऐसे में आज निगम दस्ते की देखरेख में दोनों निर्माण को ध्वस्त किया गया। जिनमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

बता दें कि जयपुर नगर निगम हेरिटेज में कमिश्नर अभिषेक सुराणा के आदेश के बाद शहर में जर्जर हो चुके निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निगम के अलग-अलग जोन में पुराने और जर्जर हो चुके 153 से ज्यादा भवन मालिकों को नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। फिलहाल नगर निगम के अधिकारी जोन स्तर पर जर्जर हो चुके भवन और इमारतों का सर्वे भी कर रहे हैं। ताकि किसी भी तरह के हादसे को रोका जा सके।

जयपुर में मकान पर बिजली गिरी, एक मौत:कल खुल सकते हैं बीसलपुर डैम के गेट, बूंदी में बाढ़ के हालात, गांव डूबे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी है। सवाई माधोपुर में तेज बारिश के कारण आज सुबह एक मकान ढह गया। मलबे में दबने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं, बूंदी में बाढ़ के हालात हैं। यहां कई गांव डूबे हुए हैं। इससे पहले बुधवार को भीलवाड़ा में 2 युवक बरसाती नाले में डूब गए। जयपुर के जगतपुरा में निर्माणधीन मकान पर बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई।

प्रदेश में बीते तीन दिन से प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में भारी बरसात हो रही है। इस कारण राजस्थान के कई बड़े डैम भी ओवरफ्लो हो गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को भी गंगानगर और हनुमानगढ़ को छोड़कर सभी जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र के अनुसार 8 सितंबर से प्रदेश में मानसून का दौर धीमा हो जाएगा।

बीसलपुर के गेट खोलने की तैयारी

टोंक जिले में स्थित बीसलपुर बांध का जलस्तर आज सुबह 10 बजे तक 315.13 आर एल मीटर हो गया है। बांध की भराव क्षमता 315.50 आर एल मीटर है। कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि शुक्रवार को बांध के गेट खोले जा सकते है। इसको लेकर अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। बांध के गेट खोलने से बनास नदी का जलस्तर बढ़ सकता है। ऐसे में कोई जनहानि न हो, इसके लिए बनास में आवाजाही बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

24 न्यूज अपडेट

देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरें को देखने के लिए
हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल

ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें

YouTube

24 NEWS UPDATE

हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें

लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।